आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

3/12/2024 1910 pm

मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में राष्ट्र को समर्पित किये नए अपराध कानून।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में दिव्यांगों के लिए काम करने वालों को किया पुरस्कृत, छतरपुर के डा संजय कुमार शर्मा भी सम्मानित।
- नर्मदापुरम रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में करीब 2 हजार करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और 700 करोड़ के कार्यों का होगा भूमि पूजन ।
- भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं बरसी पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं भी हुईं ।

प्रधानमंत्री अपराध कानून

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में नए अपराध कानूनों को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए अपराध कानूनों का लागू होना उन आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिनकी परिकल्पना हमारे संविधान में की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए कानून भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन नए आपराध कानून तीन साल के अन्दर पूरे देश में लागू हो जाएंगे।

राष्ट्रपति पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर 33 प्रतिशत की दिव्यांगता वाले अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा कि इस पुरस्कार के विजेता

समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के पुरस्कार विजेता न सिर्फ प्रेरणा के केन्द्र हैं बल्कि प्रेरणा के स्रोत भी हैं। आज पुरस्कृत लोगों में प्रदेश के छतरपुर के डॉ. संजय कुमार शर्मा भी शामिल हैं. उन्हें 'दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरुस्कार-2024 से सम्मानित किया है। संजय कुमार शर्मा 34 वर्षों से मानसिक विक्षिप्त दिव्यांगों सहारा देने का काम कर रहे हैं।

<u>अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस-प्रदेश</u>

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कल सुबह 11 बजे से सामाजिक न्याय दिव्यांग जन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा के मुख्य अतिथि में संपन्न होगा। यह कार्यक्रम भोपाल में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के एडिटोरियल हॉल में आयोजित किया जाएगा।

<u>रातापानी सैंक्चुअरी टाइगर रिजर्व</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रातापानी सैंक्चुअरी टाइगर रिजर्व बफर एरिया घोषित होने से मध्यप्रदेश अब वास्तविक रूप में टाइगर स्टेट बन गया है। केन्द्र सरकार के अनुमोदन के बाद रातापानी, मध्यप्रदेश का 8वां टाइगर रिजर्व क्षेत्र घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मध्यप्रदेश को हमेशा प्राथमिकता दी है और श्योपुर के कूनो में चीते और उसके बाद रातापानी को टाइगर बफर क्षेत्र घोषित किया है। रातापानी की विशेष बात यह है कि यह देश का एकमात्र ऐसा टाइगर रिजर्व है जो राजधानी के बेहद नजदीक है। इस अभयारण्य के दायरे में रायसेन, भोपाल और सीहोर जिले का क्षेत्र भी आएगा। यहां लगभग 90 से ज्यादा बाघ और अन्य वन्य जीव भी हैं।

<u>नर्सिंग होम्स रेट लिस्ट</u>

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में आयुक्त तरुण राठी ने प्रदेश के सभी नर्सिंग होम को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अस्पताल की सभी चिकित्सकीय सेवाओं की रेट लिस्ट प्रमुखता से प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि निजी चिकित्सालयों में काउंटर पर दर सूची का प्रदर्शन अनिवार्य है। रोगी

या उनके परिवारजन द्वारा मांग करने पर दर सूची दिखाना अस्पताल प्रबंधन का दायित्व भी होगा। इसके अलावा, यदि किसी अस्पताल को दर सूची में संशोधन करना हो, तो इसकी लिखित सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देना आवश्यक है। संशोधित दर सूची को भी प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा। आयुक्त राठी ने समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इसके अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

नर्मदापुरम जिले के आईटीआई महाविद्यालय में 7 दिसंबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आमंत्रित निवेशकों से राउंड टेबल मीटिंग करेंगे तथा निवेशकों से, कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन टू वन चर्चा करेंगे। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक विशाल सिंह चौहान ने गूगल मीट के माध्यम से उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री लगभग 2 हजार करोड़ के कार्यों का लोकार्पण एवं लगभग 700 करोड़ के कार्यों का भूमि पूजन करेंगे।

गैस त्रासदी

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं बरसी पर दिवंगत व्यक्तियों की स्मृति में सेंट्रल लाइब्रेरी बरकतउल्ला भवन में आयोजित श्रद्धांजलि एवं सर्वधर्म सभा में शामिल हुए। सभा में दिवंगतों की स्मृति में विभिन्न धर्माचार्यों द्वारा पाठ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल पूरे होने पर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं बरसी पर गैस त्रासदी में शहीद हुए रेल कर्मियों की स्मृति में भोपाल स्टेशन पर स्थापित शहीद स्मारक पर मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी नें गैस त्रासदी में शहीद हुए रेल कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. वहीँ,भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर संस्थान के योगदान को चिन्हित करने के लिए भारतीय डाक विभाग द्वारा आज एक विशेष आवरण जारी किया गया।

## कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड

इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एन्ड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट सर्विसेस एवं इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस का प्रतिष्ठित कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड-2023 मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना को देने का निर्णय लिया गया है। विद्युत गृह को यह अवार्ड लार्ज स्केल इंटरप्राइजेस मेजर इंडस्ट्री केटेगरी में मिलेगा। उल्लेखनीय है कि श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना ने अवार्ड के लिए निर्धारित सुरक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण से संबंधित सभी मापदंडों को सफलातपूर्वक पूरा किया। प्रदेश में सबसे बड़े ताप विद्युत गृह के रूप में श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की पहचान है।

## लोकसभा न्यूनतम समर्थन मूल्य

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र ने न्यूनतम समर्थन मूल्य में लगभग तीन गुना वृद्धि की है। आज लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री चौहान ने कहा कि एनडीए सरकार ने लागत पर 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान चावल का न्यूनतम समर्थन मूल्य एक हजार 310 रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे बढ़ाकर दो हजार तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ज्वार का न्यूनतम समर्थन मूल्य डेढ़ हजार रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे बढ़ाकर तीन हजार 371 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है बाजरे की कीमत एक हजार दो सौ पचास रुपये से बढ़ाकर दो हजार छह सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल और रागी की कीमत डेढ़ हजार रुपये से बढ़ाकर चार हजार 269 रुपये प्रति क्विंटल की गई है।

## कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सागर जिला मुख्यालय पर अग्निवीर सैना भर्ती रैली का आयोजन इंदिरा गाँधी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 5 जनवरी से 13 जनवरी तक किया जाना है। इस भर्ती रैली में शिवपुरी, दतिया, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, एवं छतरपुर सहित कुल 10 जिलों के उम्मीदवार सम्मलित होगें।
- पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में समपार फाटकों के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज या रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किये जा रहे हैं। 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में कुल 35 समपार फाटकों के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कर फाटक को बंद किया जा चुका है।

- सीहोर जिले के कलेक्टर ने मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग महोत्सव मे चाइनीज मांझा, धातु एवं कांच से निर्मित डोर से होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रतिबंधित आदेश जारी किये है।
- सतना जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 8 दिसंबर से प्रारंभ होगा इस अभियान में 0से 5 वर्ष तक की आयु के तीन लाख 18 हजार बच्चों को पोलियो ड्रॉप लाने का लक्ष्य रखा गया है
- श्योपुर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत 4 मछली पालकों को मोटरसाइकिल प्रदान की गई।
- बड़वानी में आज आयोजित स्वरोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 5 कंपनियों द्वारा 31 युवाओं युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया।
- छतरपुर जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए रेलवे रैक से सीधे 1 हजार 745 मीट्रिक टन डीएपी आज जिले की विभिन्न शाखाओं की समितियों में भेजने के निर्देश दिए गए है।
- अशोकनगर में हम होंगे कामयाब पखवाड़े के तहत आज ईसागढ़ के शासकीय मॉडल स्कूल में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।
- बैतूल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थान जलाने जैसी घटनाओं के विरोध में बैतूल, और मुलताई में आज प्रदर्शन किया गया।
- आगरमालवा महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग व अन्य विभागों ने आज शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय ग्राम खेरिया की छात्राओं को गुड टच बैड टच की जानकारी दी।
- कटनी में धरती आभा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 53 रोगियों को औषधि एवं सलाह प्रदान की गई।